श्रीरेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय ,सनावद जि. खरगोन (म.प्र.)




# VANI  SRGBN

## त्रैमासिक ई – समाचार पत्रिका

••• संस्करण 1 एवं 2 ••• ••• जुलाई – सितंबर एवं अक्टूबर – दिसंबर 2021 •••

**प्रबंध की कलम से :–**



बडे हर्षित मन से कहने में आता है कि श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सत्र 2005 मे नन्हें पौधे की भॉति होकर वर्तमान दौर में वटवृक्ष की तरह साबित हो रहा है। शिक्षा के इस मन्दिर से संस्कार , संस्कृति व रोजगारोन्मुखी शिक्षण – कौशल दक्षता से सारे निमाड व आसपास के कई ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को इस महाविद्यालय का लाभ मिला है।

महाविद्यालय के उत्थान प्रगति में समाजजन का भरपूर सहयोग ही इस महाविद्यालय की कीर्तिध्वजा को चारो ओर फेलाने में अग्रसर रहा है। संगठन व संकल्पित मन का ध्येय इस सकारात्मक शिक्षण यात्रा को विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने मे सुखद भविष्य का निर्माण करने में अनवरत सहायक सिद्ध हुआ है।

बडी खुशी की बात है कि महाविद्यालय द्वारा पत्रिका ***VANI SRGBN*** का प्रकाशन किया जा रहा है। निश्चित ही इस पत्रिका में शैक्षणिक , सामाजिक , सामदायिक व साहित्यिक सकारात्मक प्रेरणादायी बिन्दु हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अनवरत साथ रहेंगे। मेरी ओर से इस सार्थकता को प्रयास की सफलता के लिए कोटि–कोटि शुभकॉमनाए व बधाई।

ताराचंद पटेल
पूर्व सांसद व अध्यक्ष
श्रीरेवागुर्जर समीति सनावद



I remember these words of Benjamin Disraeli which advocates that we need better education to have better thoughts, to be better human persons, to build a better society. I firmly believe that every human being endowed with various talents and skills is a precious gift of God. I am very pleased to bring before you the Shri Rewa Gurjar Bal Niketan College, a renowned and prestigious institution of the town of Sanawad, which provides ample opportunities along with a value based wholesome quality education to nurture the inner potentials of every student.We all know that today we are living in a fast-changing complex society, which presents before us challenges as well as opportunities. The College has identified areas adjacent to and near the campus for potential land acquisitions for long term growth. Areas have been identified in and around the college campus for research Purpose. The College has planted upon 10% of the unused land in the nearby areas. The college has a solar power plant with 320 KW capacities. As Swami Vivekananda said, “Truth can be stated in a thousand different ways, yet each one can be true.” Education here, in Shri Rewa Gurjar Bal Niketan Sanawad helps our students find that truth. I welcome you all to this great institution of higher learning and assure you of a nurturing and caring environment that will see all of you blossom into empowered and sensitive human beings.Wish you all the best for ***VANI SRGBN*** **.**

**Director**

***Mrs. Minakshi Bhawsar***

# प्राचार्य की कलम से :—



बडे हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के 16 वर्षो की असीम सफलता का परचम निमाड सहित नगरो , महानगरो, विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षा विभाग तक लहरा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास व महानगरो की शिक्षा को श्रीरेवा गुर्जर महाविद्यालय के माध्यम से ग्रामीण आंचलो , शहरो तक पहुंचाना हैं । इसमे कोई दो मत नहीं श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद में विद्यार्थियों के हितार्थ सकारात्मक कार्य किये गए। सत्र 2005 से वर्तमान तक विभिन्न संकाय / कक्षाओं का सुचारू रूप से संचालित होना विद्यार्थियों को अनिवार्य सुविधाओ से परिपूर्ण शिक्षा — संस्कार देना महाविद्यालय का ध्येय रहा है। महाविद्यालय मे स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक सभी संकाय है । कला , वाणिज्य व विज्ञान एवं प्रबंध संकायो मे विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी सफलता को प्राविण्य सूची में दर्ज करवाया है। महाविद्यालय मे साहित्यिक , सांस्कृतिक गतिविधिया , परंपरागत आयोजन , खेल गतिविधियां, सेमिनार ,वेबिनार व बहुत सी रचनात्मक , ज्ञान बर्धक , विकासशील पहलू है जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को सार्थकता भरी शिक्षा दी जाती है। परिवर्तनशील शिक्षा नीतियों के मापदण्डो में महाविद्यालय अनवरत खरा उतरा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति सत्र 2020—21 से लागू हुई है इसके तहत विद्यार्थियो के पठन — पाठन व उच्च शिक्षित विद्वान प्राध्यापको द्वारा अध्यापन निश्चित ही विद्यार्थीगण की नई दिशा दशा तय करते है। महाविद्यालय मे विगत वर्षो से विद्यार्थीयों में अनुशासन, कर्त्तव्य निष्ठता की कमान रासेयो इकाई ने संभाल कर विद्यार्थीयों को जवाबदेही का पाठ पढाया है। साथ ही योग ,बौद्धिक ,शारीरिक , सांस्कृतिक गतिविधियो ने छात्र— छात्राओ को जीवन पर्यन्त अनुशासन मे ढाला है।

मेरे हर्षित मन से निकलने वाले भाव विचार महाविद्यालय की इस पत्रिका ***VANI SRGBN*** के लिए गागर मे सागर साबित होते है । सत्र 2005 मे 80 विद्यार्थियों से इस शैक्षणिक सफर मे महाविद्यालय में वर्तमान दौर में 2000 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा का लाभ ले रहे है। और इस प्रगति पथ पर अनवरत इस मेराथन का श्रेय हमारे विद्वान प्राध्यापक व महाविद्यालय परिवार जो तन — मन से समर्पित है को जाता है।

महाविद्यालय की पत्रिका ***VANI SRGBN*** हेतु ह्रदय से शुभ एवं मंगल कामनाएं । इसी तरह शिक्षा संस्कार का यह दीपक जगमगाता रहे। इसकी रोशनी सर्वत्र फेलती रहे इन्ही कामनाओ के साथ .......

**प्राचार्य**

**डॉ. अनुराग गीते**

**श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद**



Greetings!

The SRGBN, Sanawad has established the Internal Quality Assurance Cell (IQAC) in June 2016. The IQAC being an integral part of the college works towards realizing the goals of quality enhancement by developing a system for conscious, consistent and catalytic improvement in different aspects of functioning of the college.

The IQAC assures the stakeholders i.e., students, parents, teachers, staff, management, funding agencies and society in general – of the accountability and transparency in the quality management system of the institution and its concern for ensuring quality of education being imparted.

The IQAC of SRGBN,organises various programmes for faculty, administrative staff and quality circle members. It documents and reports various activities of the college for various higher education requirements. A continuous follow up has been made on infrastructural resources of the college to assure adequate, appropriate and better facilities to assure conducive and enabling environment for teaching, learning and research. Through all these measures IQAC happens to be one of the important components of the college which ensures quality and continuous improvement in all the units / aspects of the college. We are ready to go for 1st cycle in very near features. All the updates related to our preparation can be mirrored in the quarterly edition of ***SRGBN_VANI***.

**With Best Wishes.**
**Dr. Paras Jain**
**IQAC Coordinator**



डॉ. रूचि मंत्री
संयोजक



श्री विकास शर्मा
सह–संयोजक

# अनुक्रमणिका


| क. | विवरण | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | विश्व पर्यावरण दिवस | 07 |
| 2 | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम | 08 |
| 3 | ओपन बुक पद्धति से परीक्षा संपन्न | 09 |
| 4 | युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान | 10 |
| 5 | नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला | 11 |
| 6 | आजादी का अमृत महोत्सव Fit & Clean India | 12 |
| 7 | रक्तदान महोत्सव | 13 |
| 8 | नेक मुल्यांकन पर कार्यशाला | 14 |
| 9 | दीपोत्सव | 15 |
| 10 | प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन | 16 |
| 11 | बीज प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम | 17 |
| 12 | गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम | 18 |
| 13 | महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण | 19 |
| 14 | महाविद्यालय में टीकाकरण | 20 |
| 15 | नक्षत्र गार्डन का शुभारंभ | 21 |
| 16 | युवा उत्सव आयोजन | 22,23 |
| 17 | अंतर्राष्ट्रिय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन | 24 |
| 18 | बीज प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम | 25 |
| 19 | महाविद्यालय को सुयश | 26,27 |

# 1.विश्व पर्यावरण दिवस

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 5 जून 2021 को कुल 105 पौधो का रोपण किया गया जिसमे से 21 पौधे महाविद्यालय परिसर में रोपित किये गए। जिसमें मोरिस, नीम, बड व पीपल के पौधो का रोपण किया गया। इसके अलावा सभी विद्यार्थियों ने कोरोना काल की वजह से अपने घर पर ही रहते हुए वृक्षा रोपण अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर स्वयं सेवक आयुष्मान वर्मा, आकाश माली, संदीप तुलाया , अंजली बिर्ला, प्रिया बिर्ला एवं नितिन मालाकार आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।









## 2.अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद मे सोमवार दिनांक 21/06/2021 को कीडा विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के आयोजन का युट्युब पर लाईव प्रसारण किया गया। जिसमे लगभग 100 लोगो द्वारा लाईव देखा गया। इस लाईव सत्र में कीडा अधिकारी श्री दीपक भारद्वाज ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्देश अनुसार विभिन्न योगाभ्यासो को करते हुए योग के इतिहास , महत्व तथा इससे होने वाले लाभो के बारे में अवगत कराया।










## 3. ओपन बुक पद्धति से परीक्षा संपन्न

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते के मार्गदर्शन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियो के लिए ओपर बुक परीक्षा 2021 का सफलता पूर्वक आयोजन महाविद्यालय में किया गया । दिनांक 15 / 06/ 2021 से 30 /07/2021 के मध्य आयोजित परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए प्राचार्य द्वारा परीक्षा नियंत्रण समीति एवं उत्तर पुस्तिका संकलन समीतियों का गठन किया गयां। परीक्षक नियंत्रण समीति द्वारा जिले के समस्त उत्तर पुस्तिका संग्रहण केंद्रो से उत्तर पुस्तिकाओ को संग्रहित कर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के केंद्रिय मुल्यांकन कक्ष में निर्धारित तिथियों में जमा की जाती थी। उत्तर पुस्तिकायें जमा करने के दौरान विद्यार्थियों की भीड एक स्थान पर एकत्रित न हो इसलिए 10 से अधिक उत्तरपुस्तिका संग्रहण काउण्टर बनाए गए थे । ओपन बुक परीक्षा के दौरान कोविड –19 से संबंधित दिशा निर्देशो का पालन किया गया एवं विद्यार्थियो को कोविड – 19 का टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।परीक्षा नियंत्रण समीति के प्रभारी श्री महेंन्द्र शर्मा सह प्रभारी श्री शुभम दोगाया एवं सदस्य श्री रविन्द्र राठौड , श्री शुभम पगारे , श्री गोपाल चौरे एवं श्री मनीष जैन के मार्गदर्शन मे परीक्षा संपन्न हुई।







महाविद्यालय द्वारा दिनांक 06/07/2021 को युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को कोरोना वायरस से बचाव हेतु सुरक्षा निदेंश दिए गए , मास्क, सेनेटाईजर इत्यादि के उपयोग द्वारा स्वयं एवं आसपास के लोगो की सुरक्षा किस प्रकार की जा सकती है इस हेतु में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और कोरोना वैक्सिन लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर महोदया श्रीमति मीनाक्षी भावसार द्वारा युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान पर विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के एन. एस. एस. अधिकारी श्री अमित बडेकर द्वारा किया गया।प्रशिक्षण में उपस्थित सभी छात्रो को अन्य 10 छात्रो को एवं अपने आसपास के लोगो को प्रशिक्षित एवं जागरूक करने का कार्यभार सौंपा–गया।












## 5.नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियो के लिए दिनांक 21/09/2021 सेमिनार आयोजित कर नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री ताराचंद जी चाचरिया एवं शासकीय महाविद्यालय सनावद के शिक्षाविद् डॉ. एम. एस. डोंगरे ने नई शिक्षा नीति के रोजगारोन्मुख एवं विषय चयन संबंधित विद्यार्थियों की जिज्ञासा को स्पष्ट किया।इस प्रशिक्षण के अंतर्गत श्री राजेश सोहनी के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य विशेषताएं , स्नातक पाठ्यक्रम की संरचना , क्रेडित सिस्टम , बहु आगमन एवं निर्गमन , वैकल्पिक विषय की उपलब्धता , आधार पाठ्क्रम , मुल्यांकन पद्धति इत्यादि बिंदुओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष ताराचंद जी पटेल , प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते , नोडल अधिकारी श्री रितेश जोशी , कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश सोहनी एवं श्री मनीष जैन उपस्थित थे। संचालन श्री अमित बडेकर एवं आभार श्री जितेन्द्र चौरे द्वारा किया गया ।









# 6. आजादी का अमृत महोत्सव (Fit & Clean India)


महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर से 30 नवंबर तक फिट इंडिया एवं क्लीन इंडिया – अभियान के रूप में मनाया गया ।

लायंस क्लब सनावद स्नेह एवं महाविघालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान मे नेत्रदान – अंगदान जागरूकता रैली एवं पॉलीथीन मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमे विद्यार्थियों ने बेनर लेकर नारे लगाते हुए जनता को जागरूक किया इस दौरान अनिता भागचंद जैन, रेणुका गुप्ता , राजेश जटाले , महाविद्यालय की डायरेक्टर महोदया श्रीमति मीनाक्षाी भावसार , सपन जैन, रजत जैन, आदित्य पंचोलिया , ऋतु पंड्या , अनिता चौधरी , भारती परिहार , वैशाली पंचोलिया , श्वेता पंचोलिया एवं रासेयो अधिकारी अमित बडेकर उपस्थित रहे।






महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नर्मदा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नर्मदा घाट पर स्वयं सेवको द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया । इस दौरान वहां पर पॉलीथीन व कचरा बीन कर एक स्थान पर एकत्रित किया गया एवं आसपास की साफ–सफाई की गई।






राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 04/10/2021 को सुबह 10:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक रक्तदान महोत्सव के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित बडेकर ने बताया जिस शिविर से किसी को जीवन दान मिले उसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए, इसलिए इस बार शिविर नाम न देते हुए रक्तदान महोत्सव का नाम दिया गया। जिसके अंतर्गत 189 युनिट रक्त संचित किया गया यह रेड क्रॉस सोसायटी को सौंपा गया। कॉलेज की इकाई द्वारा अभी तक 12 रक्तदान षिविर आयोजित किये गए।जिसमें 1013 युनिट रक्तदान एकत्र किया गया, कोरोना काल मे 338 जरूरत मंदो को रक्त पूर्ति भी की गई । शिविर का शुभारंभ सेल्दा पावर प्लांट की एस आर विभाग की प्रीति भारद्वाज , हाईकोर्ट के एडवोकेट राकेश भारद्वाज , डॉ राजेश पाटीदार , आरती पाटील , अनिता भागचंद जैन , रेणुका गुप्ता , ऋतु पंड्या , अर्चना जैन , संस्था के अध्यक्ष महोदय श्री ताराचंद पटेल , डायरेक्टर महोदया श्रीमति मीनाक्षी , प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते ने किया । रक्तदाताओ को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।









## 8.नेक मुल्यांकन पर फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (F.D.P.) का आयोजन

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में दिनांक 06/10/2021 से 10 /10/2021 तक मुल्यांकन पर फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (F.D.P.) का आयोजन किया गया । जिसमें अतिथि विद्वान पुणे के शिक्षाविद् , नेक पीयर टीम के सदस्य एवं युजीसी समीति के सदस्य डॉ. एन. एस. धर्माधिकारी हमारे बीच शामिल हुए। श्री धर्माधिकारी जी ने नेक से संबंधित सभी प्रश्नो का विस्तार से बर्णन किया एवं सभी समस्याओ का समाधान बताया । IQAC प्रभारी श्री पारस जैन ने इसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। संस्था की निर्देशक श्रीमति भावसार मेडम एवं प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते ने इसे सभी प्राध्यापको के लिये एक सुनहरा अवसर बताया।



श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में दिनांक 18/10 /2021 को महाविद्यालय परिसर में गरबा उत्सव का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सभी विभाग के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा मे सामूहिक गरबा किया।





एवं साथ ही दिनांक 29/10/2021 को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागो द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। जिसमे रांगोली , दीप सज्जा , परिचर्चा, पोस्टर मेंकिंग , वेस्ट से बेस्ट, कार्ड मेकिंग एवं फूड कार्निवल का आयोजन किया । जिसके अंतर्गत प्रत्येक विभाग के विद्यार्थियों ने बढ चढ कर भाग लिया।














# 10.प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद के द्वारा 21/10/2021 को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रविवार को प्लेसमेंट सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी श्री पारस जैन ने बताया कि कोरोना के कारण रोजगार को लेकर हर तरफ निराशा का माहौल बना हुआ है ऐसे में प्लेसमेंट सेमिनार आशा की किरण साबित होगा। इस कार्यक्रम में फर्स्ट बैंक जॉब के एम. डी. श्री प्रतिक जटाले एवं प्लेसमेंट ऑफिसर श्री दिपांशु जैन उपस्थित थे । जिन्होने बैंक में रोजगार के अवसरो के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 250 छात्र–छात्रा शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते ने बताया कि छात्र हित में हम रोजगार की संभावना और अवसर छात्रो को दिलाने मे सदैव तत्पर रहेंगें।












# 11.बीज प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन (वर्मीकल्चर एवं मशरूम फार्मिंग)

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में दिनांक 25/11/2021 व 26/11/2021 को बीज प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत विभाग के प्राध्यापक श्री सुनिल राजपूत , श्री गोपाल नागर, श्री बालकृष्ण पुनासिया , श्री अखिलेश चौधरी एवं श्री आशुतोष खरे ने बीज प्रौद्योगिकी विभाग के समस्त छात्रो को वर्मी कम्पोस्ट व मशरूम की खेती के बारे में अवगत कराया। विभाग के प्राध्यापको ने विद्यार्थियों को वर्मीकम्पोस्ट की उपयोगिता समझाते हुए यह बताया कि खेती के दौरान कीटनाशक एवं उर्वरक पदार्थो का ज्यादा मात्रा में प्रयोग होने से वर्तमान समय में अनेक प्रकार की बिमारियॅा हो रही है, जिसके तहत वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग करके जैविक खेती से वर्तमान समय की समस्याओ से बचा जा सकता है।एवं साथ ही मशरूम की खेती की उपयोगिता पर प्रकाष डालते हुए बताया कि रोजगार प्राप्त करने में मशरूम की खेती महत्वपूर्ण साबित हो सकती है और मशरूम की खेती से बहुत से लोगो को रोजगार मिल सकता है।












मशरूम की खेती

वर्मीकम्पोस्ट कल्चर

# 12.गृह विज्ञान द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 26 व 27 नवंबर 2021 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत श्रीमति मंजुला मण्डलोई एवं कु. गुलरेज बेग ने विभाग की समस्त छात्राओं को स्वच्छ भारत अभियान एवं जल संरक्षण पर वाल मेग्जीन , कार्ड मेकिंग, लैंप शेड एवं फ्लावर पॉट बनाना सीखाया । गृह विज्ञान की प्राध्यापक श्री मति मंजुला मण्डलोई ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को कलात्मक एवं रचनात्मक क्षैत्र में रोजगार के अवसर से अवगत कराया।












श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 03/12/2021 को महाविद्यालय परिसर में महामारी कोविड –19 से बचाव हेतु टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. राजेन्द्र मिमरोट ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सनावद के निर्देशानुसार किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापको , कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं ,को कोवैक्सिन एवं कोविशिल्ड के प्रथम व द्वितिय डोस लगाएं गए । कुल 73 टीके लगाए गए। टीकाकरण का कार्य शासकीय अस्पताल सनावद के श्री एस. एस. झाला एवं श्रीमति उमा पटेल द्वारा किया गया।












## 14.महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद मे दिनांक 07/12/2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन श्री अमित बडेकर के द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय संस्था के अध्यक्ष महोदय श्री ताराचंद जी पटेल , महाविद्यालय की डायरेक्टर महोदया श्रीमति मीनाक्षी भावसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते , श्री बादल जी चौहान, श्री मित्तल जी, श्री मति मुंदडा दीदी , श्री मति राठौड दीदी , श्री बिरले जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंतर्गत श्री मति मुंदडा दीदी द्वारा छात्राओं एवं महिला प्राध्यापको को आत्मरक्षा के कई गुर सीखाए। उन्होंने बताया कि आत्मबल एवं कुछ विशेष प्रषिक्षण द्वारा छात्राएं निडरता से आवश्यकता पडने पर विपरित परिस्थितियों का सामना कर स्वयं की रक्षा कर सकती है। कार्यक्रम मे 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।









श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद के B.Sc. Seed Technology के प्राध्यापक जिनमे श्री सुनिल राजपूत ,श्री अखिलेश चौधरी, श्री गोपाल नागर , श्री पंकज पटेल , श्री बालकृष्ण पुनासिया , श्री दिनेश कढु एवं B.Sc. Seed Technology विद्यार्थियो के द्वारा नक्षत्र गार्डन बनाया गया । जिसमें 27 नक्षत्र के 27 पौधे लगाए गए। दिनांक 15/12/2021 को यह गार्डन का शुभारंभ किया गया। नक्षत्र गार्डन 2500 वर्गफीट में फैला हुआ है जिसे बनवाने मे 10000 रू. की लागत आई है। नक्षत्र गार्डन के अंतर्गत कटहल, मोलश्री, कटाई , अर्जुन, बेल, रीठा, ढाक, बरगद , पीपल, बॉस, शीषम, खैर, जामुन, गुलर, ऑवला , कुचीला, महुआ, नीम ,आम , कदम्ब, शमी, मदार, नागकोपर, चीड, पाकड, जलवेतस एवं साल के पौधो का रोपण किया गया ।







# 16.युवा उत्सव (अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तर) सत्र 2021–22

म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 1985 से संस्था , जिला , विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युवा उत्सवों से छात्र–छात्राओं में सांस्कृतिक , सांगीतिक , साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियों के प्रति उनकी अभिरूचि में लगातार बढोत्तरी हो रही है। एवं यह युवा उत्सव वर्तमान में उपरोक्त गतिविधियो के मंच के रूप में प्रतिष्ठित हो गए है। प्रतिवर्ष 22 विधाओ मे जिस प्रकार विभागीय मार्गदर्षिका के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित की जाती है उसी प्रकार से इस वर्ष भी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद द्वारा युवा उत्सव के अंतर्गत अंतर कक्षा महाविद्यालयीन स्तर पर दिनांक 19/12/2021 से 22/12/2021 तक विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिनमें मुख्य रूप से वाद–विवाद एवं परिचर्चा, चित्रकला(–ऑन द स्पाट पेंटिंग , कोलाज, पोस्टर मेकिंग , क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रांगोली , मेंहदी ), प्रश्नमंच , नाटक , नृत्य (लोकनृत्य , समूह एवं एकल नृत्य) संगीत –एकल

गायन(सुगम, पाश्चात्य, शास्त्रिय) –समूह गायन (सुगम, पाश्चात्य, शास्त्रिय) शास्त्रीय एकल


















दिनांक 28/12/2021 को श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद में युवा उत्सव के अंतर्गत अंतर महाविद्यालयीन अर्थात् जिला स्तरीय वाद–विवाद एवं परिचर्चा आयोजित कराने का दायित्व प्राप्त हुआं। जिसके उद्घाटन समारोह मे महाविद्यालय समीति के सदस्य श्री लेखराम जी पटेल, डायरेक्टर श्रीमति मीनाक्षी भावसार, प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते, रासेयो अधिकारी श्री अमित बडेकर, डॉ. प्रेम बिर्ला, डॉ. विष्णु बैसवार, डॉ. रूचि मंत्री, डॉ. राकेश पटेल, लायन विपिन गुप्ता , खरगोन जिले के समस्त महाविद्यालय के दल प्रभारी एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मंच का संचालन श्री अमित बडेकर एवं श्रीमति अनुभूति पंवार द्वारा किया गया। वाद–विवाद और परिचर्चा मे निर्णायक की भूमिका लायन रेणुका गुप्ता और श्री विजय भटोरे द्वारा निभाई गई। वाद– विवाद प्रतियोगिता में जिले के 8 महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कियें। जिसका शीर्षक ”क्या आजादी का अमृत महोत्सव भारत को आत्म निर्भर बनाने मे अहम भूमिका अदा करेगा।“था। इसके साथ ही परिचर्चा में जिले के चार महाविद्यालयो के प्रतिभागियों ने शीर्षक ”भारत को विश्वगुरू बनाने मे आजादी का अमृत महोत्सव अभियान अहम् भूमिका अदा करेगा“ पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय खरगोन, शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन, श्री जी महाविद्यालय खरगोन, शासकीय महाविद्यालय मण्डलेश्वर, जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय बडवाह, शासकीय महाविद्यालय सनावद , उमिया कन्या महाविद्यालय मण्डलेश्वर एवं श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद सम्मिलित हुए। इसके अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता पक्ष में प्रथम स्थान कु. नंदनी बिरले श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद व द्वितिय स्थान श्री शिवम टांक शासकीय महाविद्यालय सनावद और विपक्ष में प्रथम कु. आंचल कुशवाह श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद एवं द्वितिय स्थान कु. श्रद्धा पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय खरगोन ने प्राप्त किया। परिचर्चा में प्रथम स्थान कु. नंदनी बिरले श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय सनावद व द्वितिय कु. निधि पुरोहित ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आभार युवा उत्सव प्रभारी श्रीमति ज्योति बिरले ने व्यक्त किया।









# 17.अंतर्राष्ट्रीय करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में दिनांक 29/12/2021 बुधवार को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियो को देश के साथ विदेश में पढने व रोजगार के अवसरो के बारे में जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में लॉस एंजलस अमेरिका के श्री आशीष मनेरिकर व श्रीमति अनुकृति मनेरिकर ने सभी विद्यार्थियो की समस्याओ का समाधान किया। साथ ही महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी श्री पारस जैन ने विभिन्न मुद्दो पर प्रश्नकाल करवाया।












## 18.बीज प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन (हाईड्रोपोनिक्स) :—

श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में दिनांक 30/12/2021 व 31/12/2021 को बीज प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत विभाग के प्राध्यापक श्री सुनिल राजपूत , श्री गोपाल नागर, श्री बालकृष्ण पुनासिया , श्री अखिलेश चौधरी एवं श्री आशुतोष खरे ने बीज प्रौद्योगिकी विभाग के समस्त छात्रो को हाईड्रोपोनिक्स तकनीक के बारे में अवगत कराया। जिसमे विद्यार्थियों ने कृषि की नई प्रणाली एवं तकनीक के बारे में जाना, एवं भविष्य में इस पद्धति का उपयोग करना उचित समझा।



**हाईड्रोपोनिक्स**



**1. चित्रकला व स्लोगन" प्रतियोगिता में प्रिया ने महाविद्यालय का गौरव बढाया**

म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर 4 श्रेणियों में "ऑनलाईन चित्रकला व स्लोगन" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें इंदौर रीजन के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्पर्धा के परिणाम निर्णायक मंडल के होल्कर विज्ञान के पूर्व प्राध्यापक डॉ. किशोर पंवार , जीजा बाई कॉलेज इंदौर के पूर्व प्राध्यापक डॉ. भोलेश्वर दूबे व बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आर. के. गुप्ता व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डी. के. बगला थे। बोर्ड ने दोनो स्पर्धाएं कक्षा वार चार समूह मे विभाजित की । प्राथमिक , माध्यमिक, उ.मा.वि. व महाविद्यालय वर्ग में किया गया। जिसमें चित्रकला में महाविद्यालय वर्ग में श्रीरेवा गुर्जर महाविद्यालय की छात्रा कु.प्रिया पिता सुरेश बिर्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया ने चित्रकला में पृथ्वी को पेड के गर्भ में बता कर पेड– पौधो के संरक्षण का संदेश दिया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



**2. रासेयों अधिकारी श्रीअमित बडेकर स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त**

नगर पालिका परिषद् सनावद के द्वारा इस वर्ष भी सनावद नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में भाग लिया जा रहा है जिस हेतु शासन के मापदण्ड बिंदु अनुसार निकाय में श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय के रासेयो अधिकारी श्री अमित बडेकर को स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया गया है । सनावद नगर में किये जाने वाले सराहनिय कार्यो और प्रयासो को दृष्टिगत रखते हुए सनावद नगर का स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया गया। जिनके माध्यम से सनावद नगर ही नही वरन् आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में भी स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन समीति पर समीति अध्यक्ष श्री ताराचंद जी पटेल , सदस्य नंदलाल छापरिया, डायरेक्टर श्रीमति मीनाक्षी भावसार , प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते के साथ ही समस्त महाविद्यालय द्वारा शुभकामनाए दी गई साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।



# महाविद्यालयीन परिवार

